भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 1157

सोमवार, 08 दिसंबर, 2025/17 अग्रहायण, 1947 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

चिकित्सा पर्यटन

1157. श्री राधेश्याम राठियाः

श्री प्रदीप पुरोहितः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पाँच वर्षों के दौरान अन्य देशों के नागरिकों को जारी किए गए चिकित्सा वीज़ा की देश-वार संख्या कितनी है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान सर्वाधिक संख्या में आने वाले चिकित्सा पर्यटकों के राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार शीर्ष पाँच भारतीय राज्य कौन-कौन से हैं;

(ग) उक्त राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में चिकित्सा पर्यटन से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष राजस्व अर्जन सहित अपेक्षित आर्थिक योगदान कितना है; और

(घ) सरकार द्वारा चिकित्सा पर्यटन को और बढ़ावा देने तथा अन्य देशों के चिकित्सा यात्रियों के लिए सुविधाओं में सुधार लाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): चिकित्सा पर्यटन सहित पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का विकास एवं संवर्द्धन संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र (यूटी) प्रशासन द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय विभिन्न पहलों के माध्यम से चिकित्सा और निरोगता पर्यटन सहित विभिन्न पर्यटन उत्पादों को बढ़ावा देता है।

गृह मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जारी किए गए मेडीकल वीजा का विवरण निम्नानुसार है:

वर्ष	**कुल वीजा (ईवीजा और सामान्य वीजा)**
2020	1,52,659
2021	3,38,399
2022	4,37,384
2023	5,97,227
2024	4,63,724
कुल	**19,89,393**

पर्यटन मंत्रालय राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार उद्देश्य-वार विदेशी पर्यटकों के आगमन और चिकित्सा पर्यटन से होने वाली आय के आकड़े तैयार नहीं करता है।

****